तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

3 जोन कार्यालय में आयोजित हुआ समाधान शिविर



## खबर संक्षेप

### विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगो के स्वास्थ्य जाँच हेतु 8 मई गुरूवार को कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलकेजा, पोंड़ीउपरोड़ा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा, पाली ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदीबाजार और शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी गोपालपुर में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### प्रोत्साहन योजनान्तर्गत दावा-आपत्ति 15 तक

**कोरबा।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना सत्र 2023-24 अंतर्गत कक्षा 12वीं अनुसूचितत जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के कुल लक्ष्य 336 के विरूद्ध शेष बचे 19 विद्यार्थियों के प्राप्त व सत्यापित आवेदनों की अंतरिम सूची जारी करते हुए दावा आपत्ति 15 मई शाम 5 बजे तक आमंत्रित की गई है। अंतरिम सूची में जिले से तीन विद्यार्थी-रजनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल, हेमा नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा और महिपाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघिया है। नियत समयावधि के पश्चात किसी भी दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होने पर उपरोक्त विद्यार्थियों को 19 मई को प्रोत्साहन राशि 15 हजार की दर से प्रत्येक छात्र को राज्य कार्यालय द्वारा वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

### भूविस्थापितों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में भूविस्थापित ठेका कामगारों (ड्राइवर) के साथ की गई जानलेवा हमला के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही एवं बाहरी लोंगो के खनन क्षेत्र में प्रवेश लगाने की मांग पर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने एसईसीएल के सीएमडी को पत्र लिखा है। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने सीएमडी एसईसीएल को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 5 मई को गेवरा क्षेत्र में कोयला खनन फेस से कोल स्टॉक तक परिवहन कार्य मे लगे गाड़ियों के ड्राइवरों पर रोड सेल के दलालों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता हैं एसईसीएल प्रबन्धन अपने ही कामगारों की सुरक्षा करने में नाकाम है। भूविस्थापित नेता ने अपने पत्र में मांग किया है कि भूविस्थापित कामगारों के साथ जानलेवा हमला करने वाले लोंगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही के साथ ही भविष्य में खनन क्षेत्र में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाई जाये पिछले कई सालों से एक ही जगह पर जमे और सुरक्षा नियमो का उलंघन करने वाले सबंधित एसईसीएल कमर्चारियों का उस स्थान से हटाया जाए घटना में घायल हुये भूविस्थापित ठेका कामगारों का विभागीय इलाज की व्यवस्था और भत्ता प्रदान किया जाए भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किया जाए।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूकता

**कोरबा।** बालको ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण के तहत बालको ने सभी स्तरों पर सुरक्षा व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा रैली, सुरक्षा सत्र, सेफ्टी मैराथन और नुक्कड़ नाटक किया गया। बालको में सुरक्षा प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर, एक मौलिक मूल्य है जो हमारी प्रचालन उत्कृष्टता को परिभाषित करता है।

## बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित

# जिले के तीन छात्रों ने 10वीं की मेरिट लिस्ट में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित किए गए बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में कक्षा दसवीं में जिले से तीन छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। टॉप टेन में दो छात्राओं को 9वां स्थान मिला है वहीं एक छात्र को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। 12वीं कक्षा के परिणाम में इस वर्ष किसी भी छात्र को टॉप टेन में जगह नहीं मिली है।

जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा दसवीं में 13 हजार 242 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें 12 हजार 973 छात्र परीक्षा में बैठे थे। जिसमें 4 हजार 702 प्रथम स्थान पर रहे। 4 हजार 501 छात्रों को द्वितीय स्थान मिला है वहीं 423 छात्रों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसी तरह 12वीं बोर्ड परीक्षा में 9 हजार 421 छात्र पंजीकृत थे जिनमें 9 हजार 365 छात्र परीक्षा में शामिल थे जिसमें प्रथम स्थान पर 3 हजार 332, द्वितीय स्थान पर 3 हजार 574 तथा तृतीय स्थान पर 299 छात्र शामिल है। परीक्षा परिणाम के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अस्थायी मेरिट सूची जारी की है। जिसमें कोरबा जिले से दो छात्रा आस्था गुप्ता निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी एवं प्रयास स्कूल की डिंपल सिंह ने 97.8 अंक के साथ 9वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 10वें स्थान पर छुरी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल कुमार रहे जिन्हें 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

### खास बातें

- दसवीं का परीक्षा परिणाम 74 .49 वहीं 12वीं का 80 .31 प्रतिशत
- बीते वर्ष की तुलना में 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में 1 प्रतिशत की हुई वृद्धि



परिणाम देखती छात्राएं।

### सेजस मदनपुर रजकम्मा का 96 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी विनोद जायसवाल ने बताया कि विद्यालय में कुल दर्ज 52 विद्यार्थियों में से 51 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें 49 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की। विद्यालय स्तर में रिंकी 81.6 प्रतिशत साथ प्रथम, अन्नू सिंह 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय रहीं। 10 विद्यार्थियों को प्रथम, 36 विद्यार्थियों को द्वितीय और तीन विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी प्राप्त हुआ। प्राचार्य राजीव जोगी सहित पूरे स्टाफ ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दर्जी और ठेका श्रमिक के परिवार से निकली प्रतिभाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षा परिणाम में कोरबा जिले से टॉप टेन में स्थान बनाने वाली दो प्रतिभाएं ठेका श्रमिक और दर्जी का काम करने वाले परिवार से सामने आई है। मेहनत और लगन से इन छात्रों ने प्रदेश के मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### डिंपल के पिता करते हैं टेलरिंग का काम

धमतरी निवासी डिंपल साहू वर्ष 2023 से प्रयास स्कूल कोरबा में अध्यनरत हैं। चयन परीक्षा में चयनित होकर डिंपल प्रयास स्कूल में दाखिला लिये थे। डिंपल के पिता प्रीतम साहू दर्जी का काम करते हैं। बचपन से डिंपल मेधावी रहीं, डिंपल की रुचि गणित विषय में है और आगे चलकर यह अपना कैरियर इंजीनियर में बनाना चाहती है। पढ़ाई के क्षेत्र में इनका कहना है कि पढ़ाई के लिए चार से पांच घंटे का समय देती थीं। स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें इस पढ़ाई के दौरान मदद किए। दो बहनों में सबसे छोटी डिंपल मेहनत और लगन को ही सर्वोपरि मानती हैं। पढ़ाई के क्षेत्र में उनके पिता प्रीतम सिंह और मां मोतीन सिंह ने हमेशा प्रोत्साहित किया है।



### मेरिट में 9वां स्थान मिला आस्था को



दादरखुर्द मेडिकल व्यवसायी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता की पुत्री आस्था गुप्ता निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल कोसाबाड़ी की कक्षा दसवीं की छात्रा हैं। मेरिट सूची में 97.8 प्रतिशत अंक लेकर 9वां स्थान प्राप्त किया है। इनके पिता दादरखुर्द में ही मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं। प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई में समय देने वाली आस्था गुप्ता ने घर में पढ़ाई की है। सफलता इन्हें घर और स्कूल के पढ़ाई से मिली है। मेडिकल फील्ड में जाने की इच्छा रखने वाली आस्था सांइस और गणित विषय को अपना रुचिकर बताती है।

### खुशी को मिले 96 प्रतिशत अंक



बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतोरा के कक्षा 12वीं में अध्यनरत खुशी देवांगन पिता श्यामकिशोर देवांगन को 96 प्रतिशत अंक हुए हैं। खुशी की इस सफलता से माता पिता में हर्ष व्याप्त है। अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिये हैं। प्रारंभ से ही मेधावी रहीं, खुशी ने इसके पूर्व भी परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त किए हैं।

### ठेका श्रमिक के पुत्र हैं निखिल



मेरिट सूची में 97.6 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान पाने वाले छुरी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल कुमार कैवर्त के पिता सीएसईबी पश्चिम संयंत्र में ठेका श्रमिक हैं। दो बहन और एक भाई का परिवार है। गणित विषय को अपना रुचिकर विषय बताने वाले निखिल आगे चलकर इंजीनियर बनने की तम्मना लिए हैं। वह अपनी दो बहनों को भी अपनी ही तरह पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। प्रतिदिन 3 से 4 घंटे पढ़ाई में समय देने वाले निखिल का कहना है कि पढ़ाई के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में और अपनी मेहनत से सफलता मिलती है।

## जटराज में गर्माया माहौल, मशीन रोकने पहुंचे भूविस्थापित



विरोध करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम चंद्रनगर जटराज में एसईसीएल की टीम अधिकृत जमीन पर खुदाई करने मशीन लेकर पहुंची थी, जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों व पुलिस के बीच हल्की नोंकझोंक भी देखने को मिली।

एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम चन्द्रनगर जटराज में बुधवार को प्रबंधन बड़ी-बड़ी मशीन लेकर खुदाई करने पहुंचा। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे जब ग्रामीणों को उसकी जानकारी हुई तो वे अपने परिवार और बच्चों सहित मौके पर पहुंचे। ग्रामीण पुरुषों, महिलाओं ने बड़ी-बड़ी मशीनों के सामने बैठकर कार्य करने से रोकते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। यहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के अधिकारी पहुंचे। कुसमुंडा टीआई रूपक शर्मा, दीपका थाना प्रभारी एसआई प्रेमचंद साहू, एसआई भावना खंडारे, सर्वमंगला चौकी प्रभारी एएसआई विभव तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी यहां मौजूद रहे। उनके द्वारा ग्रामीणों को मशीनों के सामने से हटाने की कोशिश की जाती रही। इस प्रयास में पुलिस कर्मियों के साथ ग्रामीणों की झूमा झटकी और नोंक झोंक भी होती रही।

## फोटो सूटिंग के सामानों की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा कुंजनगर सीतामणी निवासी सोहन केंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफी का काम करता है। 28 अप्रैल को प्रकाश केवट से किराये में फोटोग्राफी का समान लिया था। 1 मई को सोहन फोटोसुट के लिये बरमपुर गया था। शाम लगभग 6.30 बजे सोहन अपनी मोटरसायकल से बजरंग टाकिज के आगे मेन रोड अशोक मेडिकल के पास मे दवाई लेने के लिये रूका था। अपने मोटर सायकल के झोला में दो केमरा व दो एडाप्टर, दो सेट बैटरी, एलईडी व एलईडी का चार्जर चार नग मेमोरी कार्ड एक नग फैस व उसका चार्जर दो नग पेनड्राईव दो ओटीजी व पोट्रा था। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। सोहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## कोल इंडिया की हाई पावर व जॉइंट कमेटी ने किया एसईसीएल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड की हाई पावर कमेटी जॉइंट कमेटी ने एसईसीएल का दौरा किया। इस दौरान टीम ने विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा का निरीक्षण किया। जिसमें सबसे पहले टीम के सदस्यों ने व्यू पॉइंट से खदान के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद सदस्यों ने खदान में अंदर फेस तक जाकर खनन कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने खदान के अंदर कार्यरत ठेकेदारी श्रमिकों से सीधा संवाद कर वेतन और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद हाई पॉवर कमेटी के सदस्यों ने दीपका क्षेत्र में स्थित संविदा श्रमिकों के शिविर का भी निरीक्षण किया तथा गेवरा स्थित मियावाकी पद्धति से विकसित वृक्षारोपण स्थल का भी भ्रमण किया। इस दौरान एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने संविदा श्रमिकों के कल्याण के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में इन श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कंपनी उनके हितों की रक्षा एवं सुविधाओं मुहैया करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान कमेटी की द्वितीय बैठक का आयोजन एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में किया गया। बैठक में प्रबंधन पक्ष से केशव राव, निदेशक (एचआर), एमसीएल (वीसी माध्यम से), मनीष कुमार, निदेशक (एचआर), एनसीएल, मो.अंजार आलम, निदेशक (वित्त), ईसीएल, तथा चन्द्र शेखर तिवारी, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल की उपस्थिति रही वहीं, श्रमिक संघों का प्रतिनिधित्व करते हुए रंजन बेहरा (बीएमएस), शिव कान्त पांडे (एचएमएस), नरेश मण्डल (एटक), एवं मानस चटर्जी (सीटू) बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान ठेकेदारी श्रमिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, विधिक अनुपालनों, और उनके कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। सभी सदस्यों ने बैठक में अपने विचार साझा करते हुए प्रबंधन ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बातें

- गेवरा खदान के ठेका श्रमिकों से कमेटी के सदस्यों ने की चर्चा
- दीपका में कांट्रेक्टर कैम्प का किया अवलोकन



निरीक्षण करते कमेटी के अधिकारी।



7 korba-pg2_Layout 1 5/8/2025 12:46 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सकरी टीआई लाइन अटैच आर्या होंगे नए थानेदार

**बिलासपुर।** एसएसपी ने लगातार हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश नहीं लगा पाने पर सकरी टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं टीआई आर्या को नए थानेदार बनाया गया है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से सकरी क्षेत्र में सिलसिलेवार सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। पिछले एक पखवाड़े में सकरी क्षेत्र के 12 सूने मकानों में चोरी की वारदात हुई है। सकरी पुलिस न तो चोरी रोक पा रही थी और न ही चोरों को पकड़ पा रही थी। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, चोरी की वारदात पर अंकुश नहीं लगाने व चोरों को नहीं पकड़ने पर सकरी टीआई रविन्द्र अनंत को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई प्रदीप आर्या को नए सकरी थानेदार बनाया गया है। इसी तरह कोटा थाना में पदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस सुमित कुमार धोत्रे का कार्यकाल समाप्त होने पर पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई तोप सिंह नवरंग को कोटा टीआई बनाया गया है।

### अभद्र टिप्पणी, पश्चिम बंगाल से युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने इंस्टाग्राम में अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली सीएसपी आईपीएस अक्ष सभाद्रा ने बताया, 20 जुलाई 2024 को विद्यानगर डीपूपारा निवासी तामेश उर्फ तामेश्वर कश्यप पिता मंगलू राम कश्यप 38 साल ने रिपोर्ट लिखाई थी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इंस्टाग्राम में हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए धामिक भावनाओं को आघात पहुंचाया है। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस जांच में जुट गई थी। साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस ने पश्चिम बंगाल मुर्शीदाबाद मजलिसपुर बरवान में दबिश देकर मोहम्मद सद्दाम हुसैन पिता सज्जाद हुसैन 19 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### जेई के खिलाफ झूठा रिपोर्ट लिखाने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आपरेटर से गाली गलौज कर जेई के खिलाफ झूठा रिपोर्ट लिखाने धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार,कुदुदण्ड चांदनी चौक निवासी मयंक कौशिक पिता सुरेश कुमार कौशिक गोलबाजार बिजली आफिस मे प्राईवेट काल आपरेटर है। 5 मई को रात में वह ड्यूटी कर रहे थे। रात 11.30 बजे अपूर्व लाल नामक व्यक्ति अपने अन्य साथी के साथ बिजली आफिस आया कहा कि इमलीपारा क्षेत्र में 24 घंटे से लाइट बंद है, क्या कर रहे हो, बिजली चालू क्यों नहीं हुई है। उन्होंने अपने अधिकारी जेई को फोन लगाया तो बंद मिला। युवकों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा सिविल लाइन थाने में अपने जेई के खिलाफ झूठा रिपोर्ट लिखवाने बात कही। आपरेटर ने झूठा रिपोर्ट लिखाने से मना किया तो युवकों द्वारा गाली गलौज किया गया है। पुलिस ने श्री कौशिक की रिपोर्ट पर अपूर्व लाल और उसके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आपसी विवाद में दो लोगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** आपसी विवाद में दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेमरा भरारी निवासी कुलदीप गढ़ेवाल पिता मनबोध गढ़ेवाल 5 मई को बिलासपुर से कपड़ा खरीदकर गांव लौट रहे थे। अशोकनगर के पास उन्होंने अपने दोस्त दीपक सोनवानी को फोन लगाकर उधार में दिए 300 रुपए वापस मांगा। दीपक ने उसे बिरकोना के पास मिलने बुलाया। कुलदीप बिरकोना गया तो दीपक सोनवानी उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उसने अपने भाई प्रदीप कुमार गढ़ेवाल को बुलाया तो दीपक ने प्रदीप के पैर में चाकू से हमला कर दिया है। दूसरी घटना में देवरीखुर्द निवासी हिमांशु साहू पिता विश्राम प्रसाद साहू 6 मई को रामसेतु पीपल पेड़ के नीचे मोबाइल एससेरिज का सामान बेच रहे थे। इसी दौरान विक्का मिश्रा और उसके दो साथी गाली देने का आरोप लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया।

### उजाड़ हो गए जिले के 338 गोठान, कई गोठान में चोरी चले गए सामान

# शराबखोरी के काम आ रहे गौठान, 28 करोड़ बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसी समय सरकार व अधिकारियों की पहली प्राथमिकता में रहे गौठान आज शराबी, जुआरी व नशेड़ियों के कब्जे में हैं। कहीं रीपा योजना के अंतर्गत स्थापित मशीनरी धूल खा रही है, तो कहीं बिजली के कनेक्शन केबल ही चोरी चले जा रहे हैं। जिले में 338 गौठान बनाए गए हैं, जिनके निर्माण में 28 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। गौठानों की दुर्दशा बता रही है कि खर्च किए गए 28 करोड़ बर्बाद हो चुके हैं।

एक समय था जब सरकार व जिले के सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता में सिर्फ गौठान थे। जिला पंचायत तो इस कार्य में जुटा ही था, वहीं पंचायत की सभी लाईन डिपार्टमेंट्स द्वारा भी कंवर्जेंस के माध्यम से गौठानों को संवारने में राशि खर्च की जा रही थी। जिले में प्रारंभ से योजना समाप्ति तक कुल 338 गौठान बनाए गए हैं। इन गौठानों के निर्माण के लिए जिले में 27 करोड़ 87 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। आज की स्थिति में सब कुछ उजाड़ नजर आ रहा है। गौठानों की स्थिति दयनीय है। हालत तो यहां तक है कि मवेशियों के लिए तैयार किए गए गौठानों में मवेशी तक नहीं जा रहे हैं। चारा, पानी व बैठने के लिए छांव की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण गौठानों में मवेशियों ने भी जाना छोड़ दिया है।

लाखासर का मॉडल गौठान 20 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया गया है। यहां मुर्गी पालन, बकरी पालन के लिए शेड का निर्माण किया गया था। वर्तमान में यहां किसी तरह की गतिविधि संचालित तो नहीं है, लेकिन इन शेड का इस्तेमाल जुआ खेलने व शराबखोरी करने के काम जरूर आ रहा है। यहां वर्मी कंपोस्ट तैयार करने हेतु नाडेप टांका का निर्माण व पीछे बाड़ी में खेती करने के लिए दो बोर भी खनन कराए गए थे, जो आज की स्थिति में बंद हैं। यहां मनरेगा द्वारा तालाब बनाया गया था, जिसमें एक बूंद पानी नहीं है। इसी तरह आधा एकड़ भूमि में प्लांटेशन भी किया गया था, जिसमें से एक भी पौधे जीवित नहीं हैं। हालत यह है कि यहां चोरों ने लोहे की जाली व एंगल चोरी कर लेने के बाद बिजली के कनेक्शन केबल तक को चोरी कर लिया था, जिसकी किसी ने थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई। मॉडल गौठान धौरामुड़ा में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना रीपा के अंतर्गत सिलाई केंद्र बनाया गया था, लेकिन इससे पहले की यह केंद्र शुरू हो पाता गौठान योजना ही बंद हो गई। इस गौठान में चावल से पोहा बनाने मशीन भी स्थापित की गई थी, लेकिन मशीन इतने हल्के दर्जे की थी कि इससे तैयार पोहा स्तरहीन साबित हुआ, और आज यह मशीन गौठान में धूल खाती पड़ी है। गौठान का कुल एरिया सात एकड़ है, जहां बकरी पालन, मुर्गी, बतख व बटेर पालन के लिए शेड बनाए गए हैं। इन सभी शेड की भी हालत वही है। इस गौठान में कुछ शेड में छप्पर में लगे टीन चोरी भी किए जा चुके हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री को मॉडल गौठान सेलर का निरीक्षण कराया गया था, तब यहां भी बकरी, मुर्गी, बतख व बटेर पालन के लिए शेड बनाए गए थे। महिला समूहों के लिए मशरूम उत्पादन शेड, व पशुओं के लिए चारागाह विकास किया गया था। कुछ महिला समूहों द्वारा यहां बाड़ी में सब्जी व मूंगफली की फसल भी लगाई गई थी, जबकि आज की स्थिति में यहां भी किसी भी तरह की कोई गतिविधि संचालित नहीं की जा रही है। यहां भी तत्कालीन मुख्यमंत्री की इच्छानुसार गोबर से पेंट तैयार करने के लिए मशीन स्थापित की गई थी। सात लाख की लागत से स्थापित मशीन आज धूल खा रही है।





#### करोड़ों में खर्च की गई थी राशि

एनजीजीबी योजना के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में दो मॉडल गौठान बनाए गए थे। इनमें बिल्हा में अकलतरी व सेलर, मस्तूरी में वेदपरसदा, तखतपुर में लाखासर व कोटा में शिवतराई व कंचनपुर शामिल हैं। चूंकि ये मॉडल गौठान थे, जिससे इन गौठानों को दिखाकर ही पूरे जिले को प्रेरित किया जाना था, जिससे इसे संवारने में करोड़ों रूपए खर्च किए गए थे। पूरे गौठान क्षेत्र को फैंसिंग से सुरक्षित किया गया था व अंदर बने भवनों का रंग-रोगन किया गया था। आज की स्थिति में कहीं भी कोई गतिविधि संचालित नहीं है। बस अवशेष बाकी रह गए हैं।

#### लाखासर बोर चालू, धान की हो रही सिंचाई

लाखासर स्थित मॉडल गौठान में दो बोर स्थापित किए गए थे। एक बोर तो पूरी तरह सूख चुका है, लेकिन दूसरे बोर में पानी की उपलब्धता है। इस गांव में भी जलस्तर काफी नीचे पहुंच चुका है, जिससे ग्रामीणों को निस्तारी में समस्या आ रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर गौठान के आसपास रहने वाले एक ग्रामीण ने बताया कि वे पानी के संकट से जूझ रहे हैं, जबकि गौठान के बोर से उन्हें राहत मिल सकती है। इसके विपरीत आसपास के लोगों द्वारा अपने खेतों में गर्मी के धान की फसल लेने व फसल की सिंचाई गौठान के बोर से ही करने के कारण उन्हें निस्तारी के लिए पानी अन्यत्र तलाशना पड़ रहा है। इसी तरह एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि पीएमएवाय के अंतर्गत भवन निर्माण हेतु भी पानी की जरूरत है, लेकिन पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण भवन निर्माण में भी दक्कतें आ रही हैं।

#### शासन के निर्देश पर ही होगी कार्रवाई

गौठानों के रख-रखाव के संबंध में शासन से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन के निर्देशानुसार ही कार्रवाई की जा सकेगी।

**-संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

## देर रात चला अभियान, 300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर निकाले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- तीन क्लिनिक समेत एक अन्य ने लगाया अवैध बैनर, 80 हजार का जुर्माना

सड़कों में अवैध बैनर पोस्टर को प्रतिबंधित करने के निर्णय के बाद देर रात नगर निगम ने पूरे शहर में अभियान चलाते हुए लगभग 300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर को निकाला।

निगम ने तीन क्लिनिक और एक अन्य के खिलाफ कुल 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।



कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

#### राजनीतिक दल और व्यावसायियों की बैठक ली गई

एमआइसी की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद निगम प्रशासन ने आज शहर के सभी प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय की जानकारी दी। इसमें बताया गया कि सड़क, डिवाइडर - बिजली पोल समेत अन्य स्थान जहां आवागमन बाधित होता है, ऐसे स्थानों पर बैनर पोस्टर या बोर्ड नहीं लगाने कहा गया। इसके अलावा निगम प्रशासन ने सभी प्रतिनिधियों से कहा है की भविष्य में ऐसा करने पर बैनर पोस्टर समेत सभी सामान जब्त किए जाएंगे एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### आचार्य इंस्टीट्यूट ने 50 हजार की पेनाल्टी पटाई

डिवाइडर पोल समेत अन्य शासकीय संपत्ति में अवैध रूप से बैनर पोस्टर लगाकर संस्था का प्रचार प्रसार करने पर मंगलवार को आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया था। 24 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा 50 हजार रुपए बुधवार को पेनाल्टी के तौर पर जमा भी कर दिया गया।

#### मंगला, वेयर हाउस और कोनी रोड में चला अभियान

इस आदेश के बाद देर रात निगम कमिश्नर ने सभी जोन और अतिक्रमण की संयुक्त टीम बनाकर सभी जोन क्षेत्रों के मुख्य मार्गों में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद टीम द्वारा अभियान चलाते हुए अवैध बैनर पोस्टर और बोर्ड को जब्त किया गया। मंगला, वेयर हाउस और कोनी रोड में प्रचार प्रसार के लिए डिवाइडर पोल में अवैध बैनर पोस्टर लगा दिए गए थे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए लोट्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मैक्स क्लिनिक, युक्ति लिवर एंड गैस्ट्रो केयर के खिलाफ 60 हजार जुर्माना लगाते हुए अवैध प्रचार सामग्री को हटाया गया। इसी तरह कोनी रोड में भी डिवाइडर में जन्मदिन का बैनर पोस्टर तड़के लगाया गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पोस्टर को जब्त किया गया और संबंधित के खिलाफ 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### घरवाले शादी में चले गए चोर ले उड़े डेढ़ लाख के जेवर व नकद

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोरों ने सकरी क्षेत्र के एक सूने मकान में धावा बोलकर डेढ़ लाख के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सिलसिलेवार वारदात के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। सकरी क्षेत्र के उसलापुर गीतांजली नगर निवासी अंजनी धृतलहरे पति राघवेन्द्र धृतलहरे ने बताया, 5 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी में शामिल होने तुर्काडीह चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर 2 नग सोने का मंगलसूत्र, 2 नग सोने का टाप्स, सोने का फर, चांदी का लच्छा, 4 नग पायल व 2 हजार रुपए नकद चोरी कर आसानी से भाग गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। 6 मई को श्रीमती धृतलहरे घर लौटी तो चोरी की जानकारी हुई। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी के लाकर से जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्रीमती धृतलहरे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

## बिना अनुमति फ्लाईट से आरोपी पकड़ने जाना टीआई कलीम को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिना अनुमति फ्लाइट से आरोपी पकड़ने जाना, बिना गिरफ्तारी के आरोपी को हिरासत में रखना व पैसा मांगना टीआई कलीम को महंगा पड़ गया है। आईजी ने विभागीय जांच के बाद टीआई खान को एक साल के लिए एक स्टार उताकर डिमोशन करने की सजा दी है।

पूर्व में तत्कालीन टीआई कलीम खान टीम के साथ कोनी थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ने दिल्ली गए थे। आरोपी की पत्नी ने टीआई के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया, टीआई कलीम पर तीन आरोप लगे थे। बिना अनुमति के वायुयान यात्रा करना, बिना गिरफ्तारी के अनाधिकृत रूप से आरोपी को हिरासत में रखना व आरोपी से पैसा मांगना। जांच में तीनों आरोप सिद्ध होने पर टीआई कलीम को एक साल के लिए एक स्टार हटाकर सब इंस्पेक्टर बनाकर डिमोशन की सजा दी गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, आरोपी की पत्नी टीआई खान पर यौन शोषण का आरोप लगाई थीं। विभागीय जांच में टीआई खान पर यौन शोषण प्रमाणित नहीं हुआ है। दैहिक शोषण का आरोप निराधार पाया गया है।

## कोल इंडिया की हाई पावर जॉइंट कमेटी ने किया एसईसीएल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गेवरा खदान क्षेत्र में ठेकेदारी श्रमिकों से टीम ने किया संवाद

**बिलासपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की हाई पावर कमेटी - जॉइंट कमेटी ने 7 मई को एसईसीएल का दौरा किया। इस दौरान कमेटी की द्वितीय बैठक एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रबंधन पक्ष से निदेशक (एचआर)केशव राव, एमसीएल, निदेशक (एचआर) मनीष कुमार, एनसीएल निदेशक (वित्त) मो. अंजार आलम, निदेशक तकनीकी (संचालन) ईसीएल तथा चन्द्र शेखर तिवारी, सीसीएल की उपस्थिति रही। वहीं श्रमिक संघों का प्रतिनिधित्व करते हुए रंजन बेहरा, शिव कान्त पांडे, नरेश मण्डल, मानस चटर्जी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान ठेकेदारी श्रमिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, विधिक अनुपालनों और उनके कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुति दी गई। सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा करते हुए प्रबंधन और श्रम संगठनों की ओर से संविदा कर्मियों के हितों का ध्यान रखने एवं उन्हें उचित सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। समिति के सदस्यों ने कोयला खदान गेवरा का दौरा किया। जिसमें सबसे पहले सदस्यों ने व्यू पॉइंट से खदान की जानकारी ली। सदस्यों ने खदान में अंदर फेस तक जाकर खनन कार्यों का निरीक्षण किया।



## आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद स्टेशन में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पहलगाम में दोषी आतंकियों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद अब पूरे देश के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। आरपीएफ और सिविल डिफेंस की टीम स्टेशन और ट्रेनों में लगातार निगरानी रख रही है, जिसमें सभी कामर्शियल स्टाफ को भी सतर्क रहने निर्देशित किया गया है।

जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब भारत ने जवाबी कार्रवाई की है। भारतीय वायुसेना ने मंगलवार की देर रात पाकिस्तान और कब्जे वाले कश्मीर पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। हमले के बाद सभी भारतीय विमान सुरक्षित लौट आए हैं। हमले के बाद पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित करने के साथ संवेदनशील ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। आरपीएफ और सिविल डिफेंस की टीम लगातार निगरानी कर रही है। बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह के अनुसार डॉग स्क्वायड की मदद से अलग-अलग क्षेत्रों की जांच करने के अलावा ज्वाइंट मुहिम चलाई जा रही है। इस दौरान सभी कामर्शियल स्टाफ को भी अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल रिपोर्ट करने निर्देश दिए गए हैं।

### रांची में फ्लाई ओवर से बिलासपुर-टाटा रद्द

**बिलासपुर।** रांची मंडल में फ्लाई ओवर कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण टाटानगर से बिलासपुर और बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में फ्लाई ओवर का कार्य 8 और 9 मई को किया जाएगा, जिसकी वजह से दूसरे जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर स्टेशन से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित होगा। 8 मई गुरुवार को टाटानगर से रवाना होने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस और 9 मई को बिलासपुर से रवाना होने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी।

### रिटायर्ड एसईसीएल जीएम के घर 1 लाख की चोरी

कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, छोटी कोनी गणेश इन्क्लेव निवासी रिटायर्ड एसईसीएल जीएम सुशील शुक्ला पिता इंद्रभूषण शुक्ला 5 मई की रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो गए थे। देर रात चोरों ने एक रूम का खिड़की तोड़कर 3 सोने की चेन, 6 घड़ी, 18 हजार 735 रुपए नकद सहित 1 लाख का सामान चोरी कर लिया है। 6 मई की सुबह सोकर उठे तब चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में रात 3.36 बजे एक युवक बाउंड्रीवाल के अंदर ग्रिल बंद करते दिख रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को सौंप दिया।

### कांग्रेस की होने वाली संविधान बचाओ आमसभा स्थगित

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा बिलासपुर में 8 मई को आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, आमसभा स्थगित हो गई है। देश में जो हालात बनें है और भारत एवं पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रदेश स्तरीय यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। कांग्रेस का संविधान बचाओ आमसभा मुंगेलीनाका मैदान में गुरूवार को होना था। इस आमसभा की तैयारी पूरी हो गई थी और इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट आने वाले थे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव और प्रदेश सह प्रभारी जरीता लाइतफ्लांग बिलासपुर पहुंच गई थीं। प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी तैयारी के सिलसिले में बिलासपुर आए थे। कार्यक्रम प्रभारी विधायक उमेश पटेल एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव यहां जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सहित कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ लगातार तैयारी को लेकर बैठक कर रहे थे। इस तरह से कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई थी। किन्तु रात में भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राईक कर आतंकी ठिकानों पर हमला किए जाने और भारत एवं पाकिस्तान के बीच युद्ध सी हालात एवं देश की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल संविधान बचाओ कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

## विश्व हिंदू महासंघ के नेत्र परीक्षण शिविर में 810 मरीज लाभान्वित



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू महासंघ भारत की छग इकाई एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित की गई एमजीएमआई इंस्टीट्यूट रायपुर के सहयोग से 7 मई को व्यापार विहार में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कमजोर मरीजों के लिए मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन आने जाने और रहने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। शिविर के दौरान चश्मा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में दिए गए। शिविर में 810 लोग लाभान्वित हुए। सुमित विधानी, सौरभ सिंह, शिवम शुक्ला,यशवंत मिश्रा, प्रकाश बहरानी,दया बाकरे, यश शुक्ला, तुलसी कौशिक, आयुष शुक्ला, गोविंद वर्मा, खिलेश श्रीवास एवं आकाश कौशिक, विशु मिश्रा, आकाश कौशिक, प्रेमा वर्मा, उत्तर साहू, एवं आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमित विधानी की अध्यक्षता में विघ्न मुक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी एवं अतिथि एस के अग्रवाल, पीयूष भार्गव, केसी शर्मा, डॉ रमेश कुलदीप रायपुर एवं अशोक विधानी, विनय शर्मा आदि मौजूद थे।

### लंबित प्रकरण निपटाने एक महीने का अल्टीमेटम

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी, मंत्री ने दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व अधिकारियों पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने दो-टूक कहा कि बिलासपुर में राजस्व विभाग के कामकाज को पटरी पर लाने की जरूरत है। पूर्व में यहां भू-माफियाओं द्वारा अनेक गड़बड़ियां की गई हैं, जो कि अधिकारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने लिंगियाडीह, घुरू व मोपका के कुछ प्रकरण सौंपते हुए जांच के निर्देश दिए।

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में बुधवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नक्शा बटांकन में देरी को समाज में अशांति और विवाद का मुख्य जिम्मेदार बताया। उन्होंने विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकार्डों में त्रुटि सुधार का एक अभियान चलाया जाना चाहिए। इसके अंतर्गत प्रत्येक पंद्रह दिनों में राजस्व शिविरों का आयोजन करने व पटवारियों को अपनी पदस्थापना पंचायत में उपस्थिति हेतु कार्यदिवस सुनिश्चित भी किया जाना चाहिए। श्री वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को भारतमाला परियोजना की जांच से सबक लेने को कहा। उन्होंने संपत्ति अंतरण सहित राजस्व विभाग में अनेक बदलाव होने तथा भविष्य में आम जनता को इसका लाभ मिलने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से दो-टूक कहा कि पहले त्रुटि संबंधी सुधार का अधिकार एसडीओ राजस्व के पास था, लेकिन यह अधिकार अब तहसीलदार को दे दिए गए हैं, ताकि लंबित मामलों का निराकरण जल्द से जल्द हो सके। इसके बाद भी आज की स्थिति में प्रकरणों के निराकरण में देरी हो रही है तो यह स्वीकार्य नहीं है।



#### सर्पदंश के बढ़ते मामलों में कोई गिरोह तो नहीं?

राजस्व मंत्री ने कहा कि जिले में सर्पदंश से मौत के 481 मामले दर्ज हुए हैं, जिन्हें मुआवजा बांटा गया है। जबकि इस अवधि में नागलोक कहे जाने वाले जशपुर के तपकरा में एक सौ मामले भी नहीं आए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के प्रकरण तैयार करते समय ग्रामीणों से भी पूछताछ की जानी चाहिए, क्योंकि सर्पदंश की जानकारी पूरे गांव को होती है। उन्होंने कोटवारी एवं पट्टे पर दी गई जमीन को अहस्तांतरणीय बताते हुए कहा कि ये सभी सेवा भूमि हैं। ऐसी भूमि जिनका विक्रय किया जा चुका है उन्हें वापस लेने की कार्यवाही तेज की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 को

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 11 मई को आयोजित होने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ जनों की तमाम रोगों से संबंधित जांच और परामर्श दिया जाएगा। आरोग्यधाम पाली क्लीनिक और भारत विकास परिषद की कोरबा इकाई द्वारा 11 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक आरोग्यधाम पाली क्लीनिक नया बस स्टैंड कोरबा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, शुगर, आंख और श्रवण शक्ति की जांच कराई जाएगी। फिजियोथैरेपी के जरिए रोग मुक्त होने का उपाय भी बताया जाएगा। इस निःशुल्क संयुक्त स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर बीबी बोडे डॉक्टर एमएस पाल, डॉ अनिल अरोड़ा, डॉ अंकिता कपूर, डॉ राहुल सिंह, डॉ शिखा लाम्बा व श्री यादव द्वारा जांच और परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक और भारत विकास परिषद ने कोरबा के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों से आग्रह किया है कि इस अवसर का वे लाभ अवश्य उठाएं।

### शराब दुकान के सामने से एक्टिवा की चोरी

**कोरबा।** टीपी नगर शराब दुकान के सामने से अज्ञात चारों ने एक्टिवा वाहन की चोरी कर ली है। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बताया कि पंप हाउस में रहने वाला बरसाती साहू एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 बीसी 7524 पर सवार होकर टीपी नगर शराब दुकान गया था। गाड़ी को लॉककर गया था। सुबह 6 बजे वापस आकर देखा तो मौके एक्टिवा वाहन नहीं थी। आसपास पता किया नहीं मिलने पर बरसाती के पिता विशाल साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी द्वारा बालिका सशक्तिकरण मिशन 2025 की आगामी गतिविधियों में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के लिए एनटीपीसी अस्पताल में एक व्यापक चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। यह सक्रिय पहल एनटीपीसी की युवा बालिकाओं के समग्र विकास और उनके स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चिकित्सा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे कि ऊंचाई और वजन मापन, दृष्टि परीक्षण, हीमोग्लोबिन स्तर की जांच तथा अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी की संपूर्ण जांच के लिए समर्पित स्वास्थ्य टीम ने पूरी सावधानी और सहानुभूति के साथ कार्य किया। इस शिविर में कुल 101 पंजीकृत बालिका सशक्तिकरण मिशन प्रतिभागियों में से 93 बालिकाओं की सफलतापूर्वक जांच की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि अधिकतर प्रतिभागियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं। शिविर का संचालन डॉ.विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतिभा अर्चना दास, वरिष्ठ परामर्शदाता की देखरेख में किया गया। जिन्होंने प्रत्येक बालिका की समग्र और संवेदनशील जांच सुनिश्चित की। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक राजीव खन्ना, मैत्री महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रोली खन्ना ने शिविर का दौरा किया।

### एसईसीएल मुख्यालय में एयर डिफेंस मॉक ड्रिल

**कोरबा।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न जिलों में बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बिलासपुर जिला प्रशासन के प्राप्त निर्देशानुसार एसईसीएल मुख्यालय में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एसईसीएल सुरक्षा टीम द्वारा एसईसीएल अधिकारी-कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षण दिया गया साथ ही बताया गया कि आपदा की स्थिति में किस तरह का व्यवहार करें और क्या उपाय करें जिससे कम से कम क्षति पहुंचे।

## निधन

### अजित जायसवाल



**कटघोरा।** वार्ड क्रमांक 10 कटघोरा निवासी अजीत जायसवाल (64 वर्ष) का निधन हो गया। वे दिनेश जायसवाल के भाई थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार पुरानी बस्ती स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्रियां, नाती पोते सहित भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोल इंडिया की...

और श्रम संगठनों की ओर से संविदा कर्मियों के हितों का ध्यान रखने एवं उन्हें उचित सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। टीम के आगमन पर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र महाप्रबन्धक एसके मोहंती एवं दीपका क्षेत्र महाप्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया गया।

### सीईओ ने कहा सुशासन तिहार समाधान शिविर का ग्रामीण उठाएं लाभ

# ग्राम पंचायतों में हुई डिजिटल युग की शुरुआत : प्रेमचंद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल हितग्राही से मुलाकात करते हुए।

डिजिटल पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को अब बैंकिंग सहित अनेक सुविधाएं ग्राम स्तर पर ही मिल सकेंगी। पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले की 50 ग्राम पंचायतों को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहां अब आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र तथा वित्तीय लेन-देन की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उक्त बातें कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने समाधन शिविर में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आने वाले समय में समस्त ग्राम पंचायतों को डिजिटल केंद्रों में बदलकर आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह पहल 'अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने' की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस दौरान ग्राम पंचायत धवईपुर, जेंजरा, हुंकरा, ढेलवाडीह, अरदा, पौंसरा, शुक्लाखार ग्राम पंचायत शामिल थे। शिविर में कुल प्राप्त आवेदन 2331 में से 2124 आवेदन निराकृत किये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के माध्यम हैं। आप सभी ग्रामीण जन इन शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में प्राप्त मांगो और शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। मनरेगा के अंतर्गत जॉब कार्ड की मांग पर हितग्राहियों को कार्ड वितरित किए गए। साथ ही राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, छड़ी, व्हीलचेयर आदि सहायताएं भी जरूरतमंदों को प्रदान की गईं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल किट भेंट की गई, जिससे युवाओं में उत्साह का संचार हुआ।

### समाधान शिविर आज

सुशासन तिहार के तृतीय चरण अन्तर्गत 8 मई को ग्राम पंचायत कोरकोमा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत कोरकोमा भुलसीडीह, नकटीखार, बुंदेली, पण्डरीपानी, पतरापाली, गोड़मा, केराकछार, रजगामार, गेरांव, और केरवां हेतु हाई स्कूल भवन कोरकोमा में शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड पाली अंतर्गत चैतमा क्लस्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत चैतमा,गोपालपुर, मानिकपुर, मांगामार, ईरफ, कांजीपानी, रामाकछार, सपलवा, पहाड़गांव और बारीउमराव हेतु ग्राम पंचायत भवन परिसर चैतमा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# लैंगा, करतला और सलोरा में लगा समाधान शिविर




समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार अन्तर्गत पोंड़ीउपरोड़ा विकासखंड के ग्राम लैंगा, विकासखंड करतला मुख्यालय में तथा कटघोरा ब्लाक के सलोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 2839 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 1746 आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार समाधान शिविर में कलस्टर लैंगा से ग्राम पंचायत लैंगा, सेमरा, सैला, सरिसिमार, रामपुर, पंडरीपानी, कारीमाटी, धवलपुर, सासिन, सेन्दूरगढ़ सम्मिलित रहे। समाधान शिविर में समस्त विभाग प्रमुख द्वारा अपने अपने विभाग से संबंधी प्राप्त आवेदन मांग, समस्या का निराकृत कर वाचन किए और हितग्राहियों को मौके पर समस्या का समाधान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत धनरास से धवलपुर तक रोड कार्ययोजना में शामिल करने बोला गया और सभी विभागों के आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने बोला गया। शिक्षा विभाग से स्कूल बच्चे को जाति प्रमाण पत्र 8, कृषि विभाग मोटर पंप 1, जनपद पंचायत से राशन कार्ड 4, जॉब कार्ड 8 राजस्व विभाग से किसान ऋण पुस्तिका 3 व अन्य विभाग द्वारा सामग्री का वितरण किया गया, इसके अतिरिक्त शिविर में 64 आवेदन प्राप्त हुए।

# समर वेकेशन ट्रेनों में बढ़ी वेटिंग लिस्ट, यात्री हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मुंबई-हावड़ा रूटों में चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में महीने दिन तक कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रही है। अधिकतर ट्रेनों में वेटिंग 50 से ऊपर ही चल रही है। कई ट्रेनों में तो वेटिंग का आंकड़ा 90 से 100 तक पहुंच गया है। तत्काल टिकट के लिए तो और मारामारी मची हुई है। टिकट के लिए लोग रात से ही लाइन लगाने पहुंच जा रहे हैं।तत्काल के लिए टिकट खुलते ही काउंटर में इतनी लंबी लाइन लग रही है कि चंद मिनट में सारी टिकटें खत्म हो जा रही है। लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। ट्रेनों में कन्फर्म टिकट के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कन्फर्म टिकट पाने के लिए लोग डेढ़ से दो महीने पहले ही लाइन में लगकर टिकट कटवा रहे हैं तभी जाकर कन्फर्म टिकट मिल पा रही है। इसके चलते एक्सप्रेस ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बनी हुई है। स्थिति यह है कि साप्ताहिक ट्रेनों की बात को छोड़िए, नियमित चलने वाली ट्रेनें उत्कल, मुंबई मेल जैसे ट्रेनों में भी टिकट नहीं मिल पा रही है। रिजर्वेशन काउंटर में रोज भीड़ लग रही है। स्कूलों में अभी छुट्टियां चल रही है। ऐसे में बच्चों के साथ परिवार घूमने-फिरने के लिए बड़ी संख्या में प्लान किए हैं। इसके अलावा शादियों का सीजन भी चल रहा है। वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार है। क्योंकि मई माह में सबसे ज्यादा शुभ मूहूर्त है जो 11 जून तक हैं। इसके बाद फिर एक माह के लिए विराम लग जाएगा।

**खास बात**

- ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 90 से 100 तक

# जोन कार्यालय में आयोजित हुआ समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

सुशासन तिहार के तहत बुधवार को नगर निगम के जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा शिविर में पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनके निराकृत आवेदनों की स्थिति जानी। इस मौके पर उन्होने विभिन्न हितग्राहियों को राशन कार्डो, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वोटर आईडी का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों पर निगम क्षेत्र में भी सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के विभिन्न विभाग यथा निर्माण, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल प्रदाय, राजस्व, संपदा, स्वच्छता, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण आदि के साथ-साथ जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व नजूल, श्रम, खाद्य, निर्वाचन, शिक्षा, आबकारी, सिंचाई, जनसंपर्क, वन, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के स्टाल लगाए गए थे। इसके प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक निगम के सभी जोन में शिविर आयोजित कर आमनागरिकों से उनकी मांग व शिकायतो के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त लिए गए थे, वही दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई थी। अब सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में समाधान शिविरां का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों की प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा ने जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि मुख्यमंत्री का कोरबा प्रवास के दौरान पाली ब्लाक के समाधान शिविर के प्रथम दिवस में जिले में आगमन हुआ था और मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर को प्रारंभ किया। उन्होने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के द्वारा सुशासन तिहार में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली से संबंधित मांग व शिकायत किया जाता है तो शिविर दिनांक से पूर्व इसका निराकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों व संबंधित विभाग को दिए। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार जन-जन तक पहुंचना चाहिए। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जनता के लिए नई सोच व योजना लाती है, उसको पूर्ण कराए जाने की जवाबदारी विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी की होती हैं, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण तथा आवेदकों की मांग से संबंधित शिकायतों को सरलता के साथ एवं उनकी परेशानियों को दूर किया गया।

**खास बात**

- नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर जानी अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति

# वाहनों में चढ़ रहे काले रेडियम पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी में लक्जरी कार व अन्य वाहनों में काला शीशा का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग भीषण गर्मी में अपने वाहनों में काला शीशा का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इस काम के लिए न तो विभागों के अफसर नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही पुलिस अफसर। यातायात विभाग काला शीशा जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति पूरा कर रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक वाहनों में काला शीशा का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। काला शीशा के बढ़ते चलन को लेकर जिले में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगा है। क्योंकि सडक़ों में बड़ी संख्या में वाहनों में काला शीशा का इस्तेमाल हो रहा है। इससे सुप्रीम कोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ रही है। पांच साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने काला शीशा को लेकर बड़ा नियम बनाया था। जिससें साफ उल्लेख किया गया था कि काला शीशा के आड़ में वाहनों के माध्यम से काले कारनामे किए जाते हैं। इससे अपराध को बढ़ावा मिलता है। जब नियम बना तो यातायात विभाग ने लगातार कार्रवाई की थी। सैकड़ों वाहनों से सभी थाना क्षेत्र की पुलिस ने समन शुल्क के रूप में लाखों रुपए वसूल की थी। धीरे धीरे इसकी चाल सुस्त पड़ गई और यातायात पुलिस ने अभियान चलाना ही बंद कर दिया। आखिरकार जिन्होंने अपनी लक्जरी कार व वाहनों से काला शीशा निकलवाया था उसे फिर लगवा लिया। जिसके चलते फिर से अपराध को बढ़ावा मिलने का अंदेशा है। यातायात विभाग ऐसे वाहनों को रोकने के बजाए नजर अंदाज कर रही है। यानी जांच के नाम पर यातायात पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है।

# पुलवामा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने ज्ञापन सौंपा, कई समाजों ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले की शांति, कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में हिन्दू महापंचायत के साथ, जिसमें विभिन्न हिन्दू समाज शामिल थे, आज जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पुलवामा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने, अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने और धार्मिक असंतुलन फैलाने वाले तत्वों पर रोक लगाने की मांगों को लेकर दिया गया।

विश्व हिन्दू परिषद ने ज्ञापन में मांग की है कि जिले में प्रवेश करने वाले बाहरी नागरिकों की जांच की जाए, अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान कर कार्रवाई हो, बगैर लाइसेंस मांस बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे और अवैध कब्जों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही मस्जिदों और मदरसों की नियमित जांच करने, धार्मिक उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने और साम्प्रदायिक तनाव की आशंका वाले क्षेत्रों में सतर्कता टीम गठन की मांग की गई। विहिप द्वारा स्पष्ट किया गया कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो जनजागरण अभियान और जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस ज्ञापन को समर्थन देने के लिए जिले के कई प्रमुख समाज संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल,

आर्य समाज, बाल्को कर्मचारी संघ, क्षत्रिय समाज, बैरथ समाज, पंजाबी बिरादरी कोरबा, राठौर समाज (कन्नौजिया राठौर नवचेतना समिति), चेम्बर ऑफ कॉमर्स, जैन समाज, रोटरी क्लब सहित सभी संगठनों ने प्रशासन से मांग किया कि सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिएअवैध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और धार्मिक भावना को आहत करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में गौरव मोदी अध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद कोरबा महानगर), नरेंद्र देवांगन, विजय राठौड़, राणा मुखर्जी, योगेश जैन, पारस जैन, रणदीर पांडे, प्रेम गुप्ता, नवीन अरोरा, प्रेम मदान, आशीष गोयल, रश्मि सिंह एवं अन्य वरिष्ठ समाज के सदस्य इस ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने राहगीरों को पिलाई शरबत



**कोरबा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से कांग्रेस कार्यालय के सामने शीतल शरबत का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल टीपी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर राहगीरों को अपने हाथों से शीतल पेयजल शरबत पीलाई। श्री अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। यह कोरबा का प्रमुख मार्ग है और अब यहां पर राहगीरों को इस गर्मी के मौसम में प्रतिदिन शीतल शरबत उपलब्ध कराया जा रहा हैं उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण कराया जा रहा है।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जा रहा है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, आदि फ्लेवर होते है। शरबत वितरण के दौरान नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू,पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौड़, महामंत्री सुरेश अग्रवाल ,पार्षद मुकेश राठौर पूर्व पार्षद देवी दयाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबा-1 तह0 कोरबा, जिला-कोरबा**

**क्रमांक/ Q/रा.नि./2025 कोरबा**
**दिनांक 07/05/2025**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोरबा जिला कोरबा के संशोधित आदेश क्रमांक /901/तह./वाचक/2025 कोरबा/ दिनांक 02/05/2025 एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. कोरबा -1 तह0 कोरबा, जिला-कोरबा स्थित ओम ट्रेडिंग कॉरपोरेशन भागीदार श्रीमती सीमा जायसवाल पति सुरेंद्र जायसवाल मु.आ. रामकृष्ण साहू पिता पुन्नूराम साहू के भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 711/1, 711/2, 718 रकबा क्रमशः 0.100, 0.010, 0.380 हे. का सीमांकन संयुक्त रूप से गठित दल के द्वारा दिनांक 13/05/2025 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। जिस हेतु संबंधित प्रभावित पक्षकार संबंधित भूमि संबंधित दस्तावेजों के साथ नियत तिथि को मौके पर उपस्थित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

दिनांक-07/05/2025

**राजस्व निरीक्षक कोरबा**
**तहसील कोरबा**

## कोरबा मार्केट

TEXMO



अग्रवाल एजेंसी
कोरबा रोड कटघोरा
99263 62800
98930 06380

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप



### निगम से तीर्थ यात्रियों का दल बाबा बैजनाथधाम के लिए हुआ रवाना

**कोरबा।** तीर्थ यात्रियों का दल बाबा बैजनाथधाम, बजरंगबली मंदिर, अनुकूल ठाकुरजी का सत्संग मंदिर गया के लिए रवाना हुआ। उन्होने इन तीर्थयात्रियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा इनके साथ जाने वाले नोडल अधिकारियों को यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों का विशेष ध्यान रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा, मेयर इन काउंसिल सदस्य व पार्षद हितानंद अग्रवाल, नरेन्द्र देवांगन, फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजय कुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, युगल किशोर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, समाज कल्याण विभाग से सिनीवाल गोयल, निगम सचिव रामेश्वर सिह कंवर, सुशील गर्ग, परविंदर सिंह, अरविंद कुमार सिंह, द्वासराम साहू, आदि जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर तीर्थ यात्रियों के दल को रवाना किया।

### प्रभारी आयुक्त ने टीपी नगर स्थित नाले का किया निरीक्षण



**कोरबा।** नगर निगम के प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा ने टीपी नगर जोन का भ्रमण कर विभिन्न वार्डो की जानकारी लेते हुए निर्माण व विकास कार्यों का अधिकारियो के साथ निरीक्षण किया, उन्होंने वहां के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात हुए वार्ड की विभिन्न समस्याओं से जुड़े कार्यो की जानकारी ली। प्रभारी आयुक्त श्री मिश्रा ने टीपी नगर जोन अंतर्गत लालूराम कालोनी स्थित बडे.नाले की साफ-सफाई के कार्यो का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने टीपी नगर स्थित मुख्य मार्ग के किनारे स्थित नालियो की साफ-सफाई कार्य का कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों दिये तथा टुटी-फुटी नालियों के मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा के साथ ही स्वच्छता विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**कोरबा।** प्रधान पाठक श्रीराम सिंह पैकरा का शिक्षा विभाग में 62 वर्ष की सेवा पूरी होने पर संकुल स्तर पर विदाई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संकुल नोडल प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप सेवा निवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र कुमार राठौर एवं शांतिलाल कश्यप ने किया। संकुल समन्वयक बसंत कुमार मिरी एवं संकुल खरवानी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर श्रीराम सिंह पैकरा, प्रधान पाठक प्राथ, शाला ठाकुरदियापारा (खरवानी) को श्रीमद्भागवत गीता, पेन, साल, अंगवस्त्र, श्रीफल, मिठाई एवं स्मृति चिन्ह एवं स्वसहायता समूह खरवानी ने अंगवस्त्र ससम्मान भेंट किया। साथ ही सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार को संकुल खरवानी ने पेन एवं स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया। विदाई कार्यक्रम में छतरपाल सिंह मानसर, अजय कर्ष, बेणेश्वर दास वैष्णव, भुवन राठौर, श्यामलाल कश्यप, बहोरन लाल पटेल, कमल किशोर देवांगन, रेशम दास महंत, राजेश कुमार ध्रुवे, सुरेश राठौर, मनोज प्रधान आदि शामिल थे।

## ब्लॉक मुख्यालय में उपलब्ध कराई जा रही किताबें

# नि:शुल्क किताबों के लिए स्कूल प्रबंधन को स्वयं उठाना होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नि:शुल्क किताबों के लिए शासकीय और अशासकीय स्कूल प्रबंधनों को स्वयं खर्च उठाना पड़ेगा। ब्लॉक मुख्यालय में किताबे उपलब्ध कराई गई है जहां से किताबे स्कूल प्रबंधन ले जा सकेंगे। 16 जून के पूर्व सभी स्कूलों में किताबें पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया है। ताकि शाला प्रवेशोत्सव में नि:शुल्क पुस्तक वितरण कर सके।

**खास बात**

- पूर्व में संकुल केन्द्रों में ही उपलब्ध होती थी किताबें

राज्य शासन के द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए पूर्व में व्यवस्था संकुल स्तर तक किताबें पहुंचाने की थी। इस वर्ष ब्लॉक मुख्यालय में ही किताबें उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में 1624 मिडिल और प्रायमरी स्कूल हैं जहां एक लाख से अधिक किताबों का वितरण होता है। इनके अलावा निजी स्कूलों को भी किताबें उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें हिन्दी और अंग्रेजी दो माध्यम की किताबें शामिल हैं। शासकीय और अशासकीय स्कूल प्रबंधन को ब्लॉक मुख्यालय से स्वयं के खर्च पर किताबें ले जानी पड़ेंगी। ट्रांसपोर्टिंग का खर्चा नहीं दिया जा रहा है। नि:शुल्क किताबों को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल प्रंधन से छात्रों की दर्ज संख्या की जानकारी ली जा रही है। उस हिसाब से किताओं की आपूर्ति की जा रही है।



फाइल फोटो

**निजी स्कूल चलाते हैं स्वयं का सिलेबस**

छग शासन से मान्यता लेने वाले निजी स्कूल शासन से नि:शुल्क किताबों की सुविधा लेने के साथ ही अपने स्वयं का निजी सिलेबस चलाते हैं। शिक्षा विभाग का इस व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं होने के कारण निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा शासन की किताबें चलाने के साथ निजी प्रकाशों की किताबों को भी अपने सिलेबस में शामिल किए जाने से अभिभावकों पर आर्थिक दबाव पड़ रहा है। इस विषय पर अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग को ज्ञापन भी सौंपा गया है किंतु कोई नियंत्रण नहीं होने से निजी स्कूल प्रबंधन अपने तरीके से सिलेबस चला रहे हैं।

# दंतैल पहुंचा सेमरहा, गांव में जारी किया अलर्ट, वन अमला कर रहा ट्रेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में आतंक का पर्याय बन चुका लोनर हाथी अब बीजाडांड से आगे बढक़र सेमरहा पहुंच गया है। इस लोनर हाथी को बुधवार की सुबह जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और लोनर की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लोनर की मौजूदगी वाले सेमरहा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों को लोनर हाथी के क्षेत्र में आने की जानकारी देते हुए उन्हें जंगल न जाने की सलाह भी दी जा रही है। इस बीच कोरबा वनमंडल के लेमरू व बालको रेंज में 29 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। जिसमें से 13 हाथी बालको रेंज के फुटका पहाड़ जंगल में विचरण कर रहे हैं जबकि लेमरू रेंज के नकिया में 4 हाथी मौजूद हैं। जबकि 14 हाथी आगे बढक़र कुदमुरा व लेमरू रेंज की सीमा पर पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

**भागते समय एक युवक हुआ था घायल**

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत बीजाडांड गांव के बाहरी इलाके में आधी रात को घटित हुई। क्षेत्र में दो लोनर हाथी पिछले चार दिनों से विचरण कर रहा है। लोनर हाथी बीती रात जंगल से निकलकर बीजाडांड गांव के बस्ती पहुंच गया और ग्रामीण रूपसाय पिता मनबोध के कच्चे मकान को तोडने लगा। इस दौरान किसी तरह रुपसाय ने किसी तरह घर से निकलकर अपनी जान बचाई। इस दौरान एक ग्रामीण लोनर हाथी को देखकर भागने लगा, भागने के दौरान वह गिर गया जिससे ग्रामीण को चोट लग गई जिसे आसपास के ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य लेकर भर्ती किया गया। वहीं वनमंडल के लेमरू रेंज में विचरणरत 16 हाथियों का दल अब नकिया पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

# सड़क दुर्घटना से बचाने मानव सेवा मिशन ने मवेशियों के गले में बांधा रेडियम बेल्ट



मवेशी को रेडियम बेल्ट बांधते मानव सेवा मिशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मवेशियों को गायों को रात में सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मानव सेवा मिशन के सदस्यों ने बालको नगर के विभिन्न स्थानों में सड़क किनारे बैठे गायों को रेडियम बेल्ट बांधा। यह पहल रात में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए की गई है। रेडियम बेल्ट लगाने से गाय रात में दूर से दिखाई देती है जिससे वाहन चालकों को उन्हें जल्दी पहचानना आसान हो जाता है और दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

रेडियम बेल्ट लगाने का मुख्य उद्देश्य रात में गायों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है। रात में सड़क पर गायों का पहचानना मुश्किल होता है जिससे सड़क दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है। रेडियम एक ऐसा पदार्थ है जो चमकता है। यह बेल्ट उच्च दृश्यता वाली अल्ट्रा रिफ्लेक्टिव सामग्री से बना होता है, रात में वाहनों की रौशनी से चमकता है जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं। गायों के गले में रेडियम पट्टा या बेल्ट बांधने से यह चमकने लगता है और जिससे गायों को दूर से ही देखा जा सकता है। इसको लगाने से गाय एवं सड़क पर वाहन चलाने वाले लोगों दोनों को सड़क दुर्घटना से बचाया जा सकता है। इस कार्य में मानव सेवा मिशन के केशव चन्द्रा, अमर पटेल, राजेश धीवर, सत्यम सोनी, संजय विजयवर्गीय, दिनेश पृथ्वीकर, पीतम लाल सोमनकर, कमलेश बोहरपी एवं मनोज सिंह उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- बालको उपनगरीय क्षेत्र में हादसे के शिकार हो रहे मवेशी

# सीसीएफ ने तिवरता व लिटियाखार तेंदूपत्ता फड़ का किया निरीक्षण



फड़ का निरीक्षण करते सीसीएफ व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के अन्तर्गत तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ हो गया है। कटघोरा वनमंडल के अन्तर्गत 44 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियां कार्य करती हैं, जिसके अन्तर्गत 486 फड़ों (संग्रहण केन्द्र) में संग्रहण कार्य किया जाएगा। इस वर्ष 76 हजार 300 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य रखा गया है। सभी 44 समितियों का अग्रिम में निर्वतन हो चुका है। शासन द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 प्रति मानक बोरा किया गया है। संग्रहण स्तर में सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके देखरेख में तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य किया जा रहा है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के सभी संग्राहकों को समझाईस दी गई है कि भोर के पूर्व और सायं के बाद तेन्दूपत्ता तोड़ाई करने न जाये तथा हाथी जहां विचरण कर रहे है, उस क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ने हेतु कदापि न जाए ताकि किसी प्रकार की क्षति न हो। संग्राहकों को इस वर्ष ऑनलाईन के माध्यम से संग्राहकों के खाते में सीधे भुगतान किया जायेगा। बुधवार को प्रभात मिश्रा आईएफएस, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक, बिलासपुर वृत्त के द्वारा तिवरता समिति के लिटियाखार फड़ में तेन्दूपत्ता संग्रहण का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के आई.जी. संजीव शुक्ला, आई.पी.एस. उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वनमण्डलाधिकारी विपुल अग्रवाल कटघोरा वनमंडल, उप प्रबंध संचालक अश्विनी कुमार मिश्रा, उपवनमंडलाधिकारी पाली, परिक्षेत्र अधिकारी चैतमा, लेखापाल, सीनियर एक्सीक्यूटिव, सहायक प्रबंधक, प्रबंधक, फड़मुंशी एवं क्रेता के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला**



कोरबा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्रहण करने जंगल पहुंच रहे हैं। ऐसे में उन्हें जंगली जानवरों का खतरा भी बना हुआ है जो उन पर हमला कर रहे हैं जिससे ग्रामीण घायल हो जा रहे हैं। कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा रेंज में घटित हुई जिसमें तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल गई ग्रामीण का खूंखार भालुओं से सामना हो गया, जिस पर एक भालू ने उस पर हमला कर पैर को नोंच डाला। भालू के हमले में जख्मी ग्रामीणा को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदमुरा में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुदमुरा निवासी जगदेव राठिया पिता दीनबंधु राठिया अन्य ग्रामीणों के साथ बुधवार की सुबह तेंदूपत्ता तोडने गांव में स्थित जंगल गया हुआ था। जहां उसका सामना भालुओं से हो गया। भालू ने उस पर हमला कर दिया और पैर को नोंच डाला जिससे वह लहूलुहान हो गया। जिसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदमुरा पहुंचाया और घटना की जानकारी वन विभाग को दी।

*__कोरबा।__ ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव एडवाइजरी जारी की है।

# तुस्मा-खैरताल पहुंच मार्ग बदहाल, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा से खैरताल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई डामर और धूल का गुबार लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर हालत के चलते न केवल वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है, बल्कि पैदल चलने वालों की भी परेशानी बढ़ गई है।

खासतौर पर बारिश के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह जलभराव हो जाता है, जिससे न सिर्फ लोगों को असुविधा होती है, बल्कि कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पिछले कई सालों से खराब में है। कई बार पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक शिकायत की,सुशासन तिहार में भी कई आवेदन दिए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चुनाव के समय नेता वादे तो करते हैं,लेकिन बाद में सब भूल जाते हैं। इसी तरह गांव की शिक्षिका ममता देवी ने कहा कि हमें रोज इसी रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। बारिश में फिसलन इतनी हो जाती है कि कई बार गिरते-गिरते बचते हैं। तुस्मा पंचायत के सरपंच ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए सुशान तिहार में अनेक लोगों ने आवेदन दिए हैं लेकिन बजट अभाव के कारण कार्य में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि अगले दो महीनों में टेंडर की स्वीकृति मिल जाती है तो जल्द मरम्मत कार्य शुरू होगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।



हल्की बारिश होने के बाद मार्ग में भरा पानी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# हेलीपैड के पास ग्रीन जोन में अवैध निर्माण कार्य पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के हेलीपैड के पास स्थित ग्रीन जोन में लंबे समय से बेजाकब्जाधारियों की नजर जमी हुई है। लगातार इस क्षेत्र में अवैध निर्माण का मामला सामने आता रहा है। पिछले कुछ दिनों से यहां भवन निर्माण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत पर राजस्व व निगम की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने निर्माण कार्य रोकवा दिया।

जंगल बचाने की कवायदों और सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की प्रशासनिक कोशिशों के बीच एसईसीएल कोरबा के हेलीपैड (मुड़ापार) स्थित ग्रीन जोन नर्सरी में हरे-भरे विशाल पेड़ों की कटाई और अवैध कब्जे का खेल बेधड़क जारी है। न तो एसईसीएल को कोई मतलब है और न वन विभाग को कोई सरोकार। पार्षद को भी मालूम नहीं था कि वार्ड में नर्सरी उजाड़कर कौन रातों रात बीम खड़ा कर गया। लोगों के मन मे सवाल उठ रहा था कि क्या इस जमीन पर कब्जे के तहत हो रहा है या फिर कोई सरकारी निर्माण है अगर सरकारी निर्माण है तो पार्षद की जानकारी में क्यों नहीं है और रात में क्यों काम कराया जा रहा था। अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी। दरअसल हेलीपैड के पास का यह क्षेत्र कोरबा का एकमात्र प्रमुख ग्रीन जोन है। इसे पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील माना गया है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित क्षेत्र है। शिकायत के बाद फिलहाल राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम ने अब निर्माण कार्य पूरी तरह से रोक दिया है।



मौके पर पुहंचा निगम अमला

**नियम से होगी कार्रवाई**

अतिक्रमण की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग का अमला मौके पर गया, जहां निरीक्षण के बाद भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की कार्यवाही की गई है, मामले में आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

-**सरोज महिलांगे**, एसडीएम, कोरबा

**नहीं था दस्तावेज**

दरअसल ठेकेदार द्वारा उक्त स्थल पर पटेल समाज के लिए भवन का निर्माण किया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा बकायदा टेंडर प्राप्त करने के बाद निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत के बाद जब राजस्व विभाग व निगम की टीम मौके पर पहुंची तो ठेकेदार द्वारा वार्ड क्रमांक 25 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए निगम द्वारा जारी टेंडर आदेश दिखाया गया, लेकिन ठेकेदार के पास राजस्व विभाग द्वारा जारी जमीन का दस्तावेज नहीं था, जिसके बाद एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने भवन निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411